**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 19.03.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले–राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी मंजूरी मिली।**
- **राज्य में कोचिंग संस्थानों पर नियंत्रण और उनकी जवाबदेही तय करने के लिए विधानसभा में विधेयक पेश–बिल पर 21 मार्च को चर्चा होगी।**
- **प्रदेश में 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू–2 अप्रैल तक चलने वाली इन परीक्षाओं के लिए 12 लाख से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत।**
- **जयपुर में आज से एशियाई प्रशांत पोस्टल लीडर फोरम की शुरूआत हुई–डाक नेटवर्क की मजबूती के लिए देश विदेश के विशेषज्ञों का मंथन।**

**00000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। केबिनेट ने संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता में बताया कि इस मिशन के लिए 3 हजार 400 करोड़ रूपये मंजूर किये गये है। उन्होंने बताया कि ये मिशन दूध उत्पादकता में सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। सरकार के इस फैसले से देश के सभी पशुपालको को फायदा होगा और उनकी आमदनी बढेगी।

......

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में डेयरी विकास के लिए 2 हजार 790 करोड़ रूपये की राशि मंजूर की है। इसके साथ ही कम कीमत के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना भी स्वीकृत की गई है।

0000

सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है, जिससे देश में आतंकी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। आज राज्यसभा में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सरकार ने **राष्ट्रीय जांच एजेंसी – एनआईए** को और अधिक सशक्त बनाया है। श्री राय ने कहा कि केंद्र सरकार देश से आतंकवाद को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठा रही है।

00000

उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचन्द्र बैरवा ने आज विधानसभा में राजस्थान कोचिंग इन्स्टि्टयूट नियंत्रण एवं विनियमन विधेयक सदन में रखा। राज्य सरकार ने कोचिंग सेन्टरों के कामकाज को नियमित करने और उनकी जवाबदेही तय करने के लिए ये बिल पेश किया है। बिल पर 21 मार्च को चर्चा होगी। श्री बैरवा ने कहा कि इस बिल के जरिये कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण, संचालन, फीस और शिकायत निवारण प्रक्रिया सहित कई पहलुओं पर सख्त नियम लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है।

......

राजस्थान भू जल संरक्षण और प्रबंध प्राधिकरण विधेयक 2024 भी विधानसभा में रखा गया, जिसे दुबारा प्रवर समिति के पास भेज दिया गया। सदन में आज इस बिल पर हुई बहस के बाद जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बिल को प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने मंजूर कर दिया। विधानसभा में अवैध बजरी खनन के मुद्दे पर भी हंगामा हुआ। इस दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए मामला उठाते हुए कहा कि प्रदेश में हर जगह अवैध खनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय को टिप्पणी करनी पड़ रही है कि राजस्थान पुलिस सहयोग नहीं कर रही तो सीआरपीएफ की मदद लीजिए, इससे बड़ा और क्या उदाहरण होगा। कुछ देर हंगामे के बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विपक्ष बिना वजह सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा है।

00000

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कई कदम उठाये जा रहे है। देश में 347 प्राथमिकता वाले जिलों में 100 दिनों का गहन टीबी मुक्त अभियान जारी हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पूरे देश में टीबी के मामलो का जल्द पता लगाने, उचित प्रबंधन करने और टीबी के नये मामलो को

रोकने के उद्देश्य से लागू किया गया है। टीबी को खत्म करने के प्रयासों के तहत नई दवा प्रतिरोधी उपचार पद्धतियां शुरू की गई है और निक्षय पोर्टल के माध्यम से टीबी रोगियों पर लगातार नजर रखी जाती हैं। प्राथमिकता वाले जिलों में टीबी रोगियों की देखभाल के लिए 826 दवा प्रतिरोधी टीबी उपचार केन्द्र स्थापित किये गये हैं। प्रदेश में भी टीबी उन्मूलन के तेजी से प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए सामाजिक संगठनों के साथ ही जन भागीदारी गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। पाली जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हांसिल करने के लिए सभी से सहयोग देने की अपील की।

**0000**

प्रदेश में आठवी कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं कल से शुरू हो रही है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से ली जाने वाली ये परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेगी। ये परीक्षाएं एक पारी में दोपहर 2 बजे से शाम साढे चार बजे तक होंगी। इन परीक्षाओं के लिए राज्य में कुल 9 हजार 824 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। वहीं 12 लाख से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

00000

जयपुर में आज से एशियाई प्रशांत पोस्टल लीडर फोरम की शुरूआत हुई। तीन दिन के इस फोरम का आयोजन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) और डाक विभाग की ओर से किया जा रहा है। डाक क्षेत्र की प्रमुख चुनोतियों के समाधान और साझेदारी के साथ डाक नेटवर्क को मजबूत करने के लिए ये फोरम रखा गया है। इसमें एशिया प्रशांत क्षेत्र के 30 देशों के डाक अधिकारी विशेषज्ञ और सदस्य भाग ले रहे है। केन्द्र सरकार के डाक विभाग की सचिव वंदिता कौल उद्घाटन सत्र में शामिल हुई। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि फोरम के जरिये आपसी सहयोग को बढावा दिया जा रहा है और एक दूसरे के साथ अनुभव साझा किये जा रहे हैं। वहीं भारतीय डाक संघ के अधिकारी ठाकुर सुभाष सिन्हा ने बताया कि विश्व डाक संघ की ओर से पहली बार जयपुर में इस तरह का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत का डाक नेटवर्क दुनिया के बेहतरीन तंत्र में शामिल हैं और लगातार इसके कामों का विस्तार हो रहा है।

00000

झुंझुनूं में आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी दयानंद यादव ने बताया कि करीब साढे 600 युवाओं ने मेले में हिस्सा लिया। इनमें से विभिन्न कंपनियों की ओर से 385 अभ्यर्थियों का चयन नौकरी के लिए किया गया।

0000

भीलवाडा जिले के शाहपुरा में आज अंतर्राष्ट्रीय फूल डोल महोत्सव का समापन हुआ। रामस्नेही संप्रदाय की ओर से हुए तीन दिन के इस आयोजन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम और व्याख्यान हुए। इस दौरान प्रतिदिन शोभायात्राएं भी निकाली गई। इस दौरान देश–विदेश से बड़ी संख्या में आये श्रद्धालुओं ने महोत्सव में शिरकत की।

0000

प्रदेश में कल से मौसम में एक बार फिर बदलाव के आसार है। एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी भागो में कहीं–कहीं हल्की बरसात हो सकती है। बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कुछ स्थानों पर बरसात के आसार है। और कहीं–कहीं बादल छाये रहेंगे। इस दौरान तेज रफ्तार हवायें चलने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ का असर जयपुर और भरतपुर संभाग में 21 मार्च को भी बना रह सकता है।

00000

नई दिल्ली में कल से खेलो इंडिया पैरा गेम्स हो रहे है। ये खेल 27 मार्च तक चलेंगे। युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि खेलो इंडिया पहल ने एथलीटों को एक उल्लेखनीय मंच प्रदान किया है, जिससे वैश्विक स्त्र पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उन्होंने पैरा इंडिया गेम्स के प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। श्री मांडविया ने कहा कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स में 1300 से अधिक एथलीट भाग लेंगे।

**00000**

हर साल 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस मनाया जाता है। नन्हीं चिडियां हाउस स्पैरो यानी गौरेया दुनिया के अधिकतर भागो में पाई जाती है। पिछले कुछ सालों में गौरेया की कम होती संख्या पर चिंता प्रकट करते हुए इसके संरक्षण के प्रयास किये जा रहे है।

0000

केन्द्र सरकार ने साल 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही ये उम्मीद की गई है कि सब कुछ ठीक रहने पर 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज लोकसभा में ये बात कही। श्री सिंह ने कहा कि चंद्रयान–4 को दो यानों के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा।

.....

श्री सिंह ने कहा कि इस साल के अंत तक एक महिला रोबोट के साथ गगनयान की परीक्षण उड़ान शुरू की जाएगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम **'मन की बात'** 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0** पर भेज सकते हैं। **1922** नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

0000